प्रश्न पुस्तिका क्रमांक /
**Question Booklet Serial No. : 706- 0728388**

विषय कोड :
**Subject Code : 106/206/306**

# CLASS - XI
# ANNUAL EXAMINATION – 2026
# कक्षा - XI
# वार्षिक परीक्षा – 2026
# HINDI (COMPULSORY)
# हिन्दी (अनिवार्य)
**I. Sc., I. Com. & I. A**

| | |
|---|---|
| कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 20 |
| **Total Questions : 100 + 6 = 106** | **Total Printed Pages : 20** |
| (समय : 3 घंटे 15 मिनट) | (पूर्णांक : 100) |
| [ Time : 3 Hours 15 Minutes ] | [ Full Marks : 100 ] |

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले** बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 × 1 = 50**

1. 'पूस की रात' शीर्षक कहानी में हल्कू और मुन्नी ने मजूरी से एक-एक पैसा काट-छपटकर कितने रुपए कम्मल के लिए जमा किए थे ?

(A) दो रुपए (B) तीन रुपए

(C) चार रुपए (D) पाँच रुपए

2. 'पूस की रात' शीर्षक कहानी में हल्कू ने आकाश की ओर क्या देखकर यह जान गया कि अभी रात कितनी बाकी है ?

(A) चाँद को (B) शुक्र तारा को

(C) बादल को (D) सप्तर्षि को

3. 'दोहर' शब्द का अर्थ है

(A) वजनदार (B) दृढ़

(C) दुहरी चादर (D) भयानक

4. पाठ्यपुस्तक में रामचंद्र शुक्ल रचित 'कविता की परख' शीर्षक निबंध किस ग्रंथ से लिया गया है ?

(A) 'चिंतामणि' भाग–3 से (B) 'चिंतामणि' भाग–2 से

(C) 'चिंतामणि' भाग–1 से (D) 'त्रिवेणी' से



CLASS-XI

5. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार किस शक्ति के बिना न तो अच्छी कविता हो सकती है, न उसका पूरा आनंद ही लिया जा सकता है ?

(A) मारण शक्ति (B) स्वपन शक्ति

(C) कल्पना शक्ति (D) रोदन शक्ति

6. कवि विद्यापति रचित पदावली में किस नायक-नायिका के गहन प्रेम के अनेक पक्षों की रूप-रस से परिपूर्ण छटाएँ हैं ?

(A) राम-सीता (B) सिद्धार्थ-यशोधरा

(C) राधा-कृष्ण (D) कामदेव-रति

7. कवि विद्यापति के अनुसार श्रीकृष्ण ने अपने किस मित्र को गोकुल में गोपियों को समझाने के लिए भेजा था ?

(A) सुदामा को (B) उद्धव को

(C) सुभद्र को (D) बकुल को

8. हिन्दी साहित्य के इतिहास में कबीर किस काल के एक प्रमुख कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

9. 'साखी', 'सबद' और 'रमैनी' की रचना किसने की ?

(A) विद्यापति ने (B) मीराबाई ने

(C) सहजोबाई ने (D) कबीर ने

10. हिन्दी के किस प्रसिद्ध लेखक ने मराठी रचना 'माझा प्रवास' का प्रामाणिक भाषांतर 'आँखों देखा गदर' नाम से किया था ?

(A) कृष्ण कुमार ने (B) अमृतलाल नागर ने

(C) नागार्जुन ने (D) कुमार गंधर्व ने



CLASS-XI

11. 'आँखों देखा गदर' शीर्षक पाठ के अनुसार कौन कालपी से पंद्रह हजार फौजें लेकर निकला और डबल कूच करता हुआ झाँसी पहुँचा ?

(A) वृद्ध सरदार (B) शिंदे सरकार

(C) राव साहब (D) तात्या टोपे

12. 'दत्तक पुत्र' शब्द का अर्थ है

(A) लापरवाह (B) वीर

(C) गोद लिया हुआ पुत्र (D) लाल

13. वर्णों के क्रमबद्ध समूह को क्या कहा जाता है ?

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) वाक्य (D) वर्णमाला

14. सानुस्वार स्वरों के ऊपर किस चिह्न का प्रयोग होता है ?

(A) ( . ) का (B) ( ँ ) का

(C) ( : ) का (D) इनमें से कोई नहीं

15. जिन वर्णों का उच्चारण स्वर वर्णों की सहायता के बिना नहीं हो सकता, उन वर्णों को क्या कहते हैं ?

(A) बलाघात (B) वर्तनी

(C) व्यंजन (D) संगम

16. 'टवर्ग' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) मूर्धा (B) तालु

(C) दन्त्य (D) ओष्ठ्य

17. उच्चारण के मध्य अल्पकालीन मौनावस्था या विरामावस्था को क्या कहते हैं ?

(A) संगम (B) बलाघात

(C) अनुतान (D) वर्तनी

18. उच्चारण के समय जब वर्ण पर विशेष जोर पड़ता है, तब उसे क्या कहते हैं ?

(A) संगम (B) वर्तनी

(C) संधि (D) स्वराघात

19. किसी ध्वनि की स्वर-लहरी में उतार-चढ़ाव को क्या कहते हैं ?

(A) संधि (B) स्वराघात

(C) अनुतान (D) कारक

20. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) अविष्कार (B) आलपीन

(C) अर्यावर्त (D) पिढ़ी

21. निम्नलिखित में कौन त्रुटि विराम चिह्न है ?

(A) o (B) ^

(C) ××× (D) :-

22. द्वंद्व समास के दोनों भेदों ( इतरेतर और समाहार ) में पदों के बीच कौन चिह्न लगता है ?

(A) लोप-चिह्न (B) विवरण-चिह्न

(C) लाघव-चिह्न (D) संयोजक-चिह्न

23. रचना के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) तीन (B) दो

(C) छह (D) चार

24. निम्नलिखित में कौन विदेशज शब्द है ?

(A) छंद (B) कपूर

(C) कौड़ी (D) सरकार

25. निम्नलिखित में कौन यौगिक शब्द है ?

(A) देवमंदिर (B) पंकज

(C) लम्बोदर (D) बरतन

26. निम्नलिखित में कौन शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा का एक उदाहरण है ?

(A) डल (B) जूता

(C) घी (D) लंबाई

27. निम्नलिखित में कौन स्त्रीलिंग शब्द है ?

(A) सेना (B) क्रोध

(C) वचन (D) सतीत्व

28. निम्नलिखित में कौन पुंलिंग शब्द है ?

(A) सुघरता (B) मनौती

(C) रुकावट (D) मच्छर

29. 'हरिण' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ?

(A) हरिणा (B) हरणी

(C) हरिणी (D) हिरीणी

30. एक या अधिक वर्णों से बनी हुई स्वतंत्र एवं सार्थक ध्वनि को क्या कहते हैं ?

(A) कारक (B) शब्द

(C) काल (D) निपात

31. हिन्दी में वचन कितने हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच



CLASS-XI

32. क्रिया की सिद्धि में साधन के रूप में जो काम आये, उसे कौन कारक कहते हैं ?

(A) कर्ता कारक (B) संप्रदान कारक

(C) करण कारक (D) संबंध कारक

33. 'श्याम के दाँत चमकदार हैं'– यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्म कारक का (B) करण कारक का

(C) अपादान कारक का (D) संबंध कारक का

34. हिन्दी में सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

(A) छह (B) पाँच

(C) आठ (D) सात

35. ''मैं यह काम आप कर लूँगा ।'– यहाँ 'आप' कौन सर्वनाम है ?

(A) संबंधवाचक सर्वनाम (B) पुरुषवाचक सर्वनाम

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम (D) निजवाचक सर्वनाम

36. 'वह अतिशय सुन्दर बालक है' – इस वाक्य में प्रविशेषण है

(A) वह (B) अतिशय

(C) सुन्दर (D) बालक

37. निम्नलिखित में कौन अकर्मक क्रिया का उदाहरण है ?

(A) राम हँसता है । (B) राम पुस्तक पढ़ता है ।

(C) राम पीता है । (D) मोहन अपना सिर खुजला रहा है ।

38. संयुक्त क्रिया में एक प्रधान क्रिया रहती है और जो दूसरी क्रिया केवल उसकी सहायता के लिए आती है उसे क्या कहते हैं ?

(A) विधि क्रिया (B) सहायक क्रिया

(C) क्रियार्थक क्रिया (D) इच्छाबोधक क्रिया

39. 'राम ने खाया होगा'– यह वाक्य किस काल का उदाहरण है ?

(A) हेतुहेतुमद् भविष्यत् (B) संदिग्ध वर्तमान

(C) संदिग्ध भूत (D) अपूर्ण भूत

40. जिस वाक्य में कर्ता के लिंग, वचन तथा पुरुष के अनुसार क्रिया के लिंग, वचन एवं पुरुष हों, उसे क्या कहते हैं ?

(A) निपात (B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य (D) कर्तृवाच्य

41. वैसे शब्द को क्या कहते हैं, जिसके रूप में लिंग, वचन तथा कारक के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता ?

(A) अव्यय (B) संधि

(C) समास (D) वाच्य

42. 'राम वहाँ जा रहा है' – इस वाक्य में 'वहाँ' शब्द क्या है ?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया (D) क्रियाविशेषण

43. निपात मुख्यतः कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) सात (B) आठ

(C) नौ (D) दस

44. जब शब्द स्वतंत्र रहते हैं, यानी जब वे वाक्य के अंग नहीं होते तो 'शब्द' कहलाते हैं किंतु वाक्य में प्रयुक्त होते ही वे क्या कहलाते हैं ?

(A) शब्द (B) पद

(C) अव्यय (D) समास

45. 'जो हथियार फेंका जाता है' – उसे क्या कहते हैं ?

(A) शस्त्र (B) अस्त्र

(C) आधि (D) भावी

46. 'ज्ञानाभाव' का संधि–विच्छेद होगा

(A) ज्ञा + अनाभाव (B) ज्ञान + भाव

(C) ज्ञान + अभाव (D) ज्ञानभ + भाव

47. 'विच्छेद' शब्द किस संधि का एक उदाहरण है ?

(A) यण् संधि का (B) विसर्ग संधि का

(C) गुण संधि का (D) व्यंजन संधि का

48. दो या अधिक शब्दों का अपने विभक्ति–चिह्नों को छोड़कर आपस में मिलना क्या कहलाता है ?

(A) समास (B) संगम

(C) संधि (D) कारक

49. निम्नलिखित में कौन शब्द अव्ययीभाव समास है ?

(A) देवपुत्र (B) त्रिकाल

(C) पीतांबर (D) प्रतिदिन

50. 'सरस्वती का भक्त या सरस्वती से संबद्ध' – अनेक शब्द के लिए एक शब्द होगा

(A) शाक्त (B) सारस्वत

(C) सुषुप्सा (D) ज्ञानद

51. 'इहलोक' शब्द का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा ?

(A) सुकाल (B) अंधकार

(C) पाताल (D) परलोक

52. निम्नलिखित में 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है

(A) मदन (B) नलिन

(C) मयूख (D) कौणप

53. 'अरण्य' शब्द का विशेषण है

(A) अन्यायी (B) अधिक्रांत

(C) आरण्यक (D) आग्नेय

54. निम्नलिखित में कौन वाक्य क्रिया-पदबंध का उदाहरण है ?

(A) रमेश एक अच्छा लड़का है । (B) मैं गेंद खेल सकता हूँ ।

(C) यह पानी बर्फ के समान ठंडा है । (D) वह प्रतिदिन रात में रोटी खाता है ।

55. 'छाती ( जी ) जुड़ाना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) डाह होना (B) परम तृप्ति होना

(C) ईर्ष्या करना (D) विलाप करना

56. 'आधा तीतर आधा बटेर' कहावत का अर्थ होगा

(A) दूना फायदा उठाना (B) गुण के विपरीत नाम

(C) जरूरत से बहुत कम (D) दो कामों में कोई एक न बन पाना

57. जिस पद्धति या कौशल के द्वारा शब्दों का ठीक अर्थ ज्ञात होता है, वह क्या कहलाता है ?

(A) शब्द-शक्ति (B) अलंकार

(C) छंद (D) रस

58. करुण रस का स्थायीभाव क्या है ?

(A) रति (B) हास

(C) शोक (D) क्रोध

59. किस छंद के पहले और तीसरे चरणों में 13 - 13 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे चरणों में 11 - 11 मात्राएँ होती हैं ?

(A) सोरठा (B) चौपाई

(C) रोला (D) दोहा

60. किस शब्दालंकार में एक ही वर्ण को अनेक बार दुहराया जाता है ?

(A) यमक (B) श्लेष

(C) वक्रोक्ति (D) अनुप्रास

61. 'विदेश' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) विद् (B) वि

(C) विअ (D) श

62. 'वेदना' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) वे (B) ना

(C) दना (D) अना

63. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) कृत्रीम (B) निश्छल

(C) मूरझाना (D) नुतन

64. निम्नलिखित में कौन अशुद्ध शब्द है ?

(A) वीपक्ष (B) पंडित

(C) प्रख्यात (D) प्रफुल्ल

65. निम्नलिखित में कौन वाक्य शुद्ध है ?

(A) सीता ने झूठ कही थी ।

(B) तुम, मैं और वह चलेगा ।

(C) तुलसीदास रामायण की रचना किये ।

(D) दिनकर ने 'उर्वशी' लिखी है ।

66. निम्नलिखित में कौन वाक्य अशुद्ध है ?

(A) मैं गाने का अभ्यास करता हूँ। (B) वहाँ भारी भीड़ लगी थी।

(C) दुश्मन मैदान से दौड़ खड़ा हुआ। (D) वह दण्ड पाने के योग्य है।

67. 'मातृभूमि' शीर्षक कविता के अनुसार घर के आँगन में कौन भींगती नाचती है ?

(A) बुढ़िया (B) छोटी बच्ची

(C) नवोढ़ा (D) मोर

68. 'पृथ्वी' शीर्षक कविता के अनुसार पृथ्वी कोयलों को किसमें बदल देती है ?

(A) पत्थर में (B) चाँदी में

(C) सोना में (D) हीरा में

69. लेखक कृष्ण कुमार के अनुसार गाँधीजी के किस सपने का अर्थ है गाँवों को स्वायत्तता देना तथा ग्रामीणों को सम्मानपूर्वक जीने का हौसला देना ?

(A) भाईचारे का सपना (B) धर्मों की एकता का सपना

(C) ग्राम स्वराज का सपना (D) अहिंसा का सपना

70. 'भोगे हुए दिन' शीर्ष कहानी में प्रमुख पात्र शांदा साहब हिन्दुस्तान के सबसे पुराने शायरों में से हैं। किस प्रसिद्ध शायर के साथ इनका बहुत दिनों का साथ रहा है ?

(A) मिर्ज़ा ग़ालिब के साथ (B) इकबाल के साथ

(C) राहत इन्दौरी के साथ (D) गुलज़ार के साथ

71. निम्न में से किस साहित्यकार ने 'विश्व शांति सम्मेलन' में भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में 1962 ई० में सोवियत रूस की यात्रा की थी ?

(A) हरिशंकर परसाई ने (B) कृष्ण कुमार ने

(C) अरुण कमल ने (D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने

72. जग-प्रसिद्धि के अनुसार किस साहित्यकार ने कविता को छंद के बंधन से मुक्ति दिलाई और काव्य भाषा, काव्य विषय और रूप आदि के क्षेत्रों में भी कविता को अनेक रूढ़ियों से आजाद किया ?

(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र ने (B) कबीर ने

(C) मैथिलीशरण गुप्त ने (D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने

73. विभाजित भारत के उस हिस्से ( पाकिस्तान ) की रहने वाली शाहनी अपनी दुखभरी स्मृतियाँ, संबंध, खेत, हवेली और जैसे अपनी पूरी जिंदगी को छोड़ शरणार्थी होकर भारत आती है, क्योंकि

(A) पति मर चुका था (B) सिक्का बदल चुका था

(C) उसकी खुद की इच्छा थी (D) उसको अपना गाँव पसंद नहीं था

74. पाठ्यपुस्तक में भक्त कवयित्री मीराबाई रचित दो पद उर्दू शायर अली सरदार जाफरी के द्वारा संपादित किस ग्रंथ से संकलित हैं ?

(A) 'परवाज' से (B) 'जम्हूर' से

(C) 'प्रेम वाणी' से (D) 'मेरा सफ़र' से

75. संत कवयित्री सहजोबाई के दीक्षा गुरु का नाम है

(A) गुरु नानक (B) मलूकदास

(C) रामानंद (D) चरनदास

76. भारतेंदु हरिश्चंद्र रचित रचना है

(A) सहज प्रकाश (B) अँधेर नगरी

(C) रंग में भंग (D) कुकुरमुत्ता

77. 'झंकार' शीर्षक कविता में कवि किससे प्रहार करने के लिए कहते हैं ?

(A) अंग्रेजों से
(B) मजदूरों से
(C) ईश्वर से
(D) समाज से

78. अपने दूसरे पद में कवि कबीर ने 'बलिया' शब्द से किसको सम्बोधित किया है ?

(A) ईश्वर को
(B) पत्नी को
(C) प्रियतमा को
(D) माता-पिता को

79. लेखक ओदोलेन स्मेकल के अनुसार सूर्य का सर्वाधिक लोकप्रिय प्रतीक क्या है, जो कि किसी-न-किसी रूप में सारी दुनिया में पूजित है ?

(A) साँप
(B) कमल
(C) गरुड़
(D) स्वस्तिक

80. लेखक ओदोलेन स्मेकल के अनुसार किसने सूर्य की आभा को काट डाला और उससे विष्णु का सुदर्शन चक्र, शिव का त्रिशूल, यम का दंड, स्कंद का भाला और कुबेर की गदा तैयार की ?

(A) पार्वती ने
(B) विश्वकर्मा ने
(C) ब्रह्मा ने
(D) हनुमान ने

81. 'नागर' शब्द का अर्थ है

(A) मछली
(B) प्रसन्न
(C) चतुर
(D) पर्वतराज

82. 'पागल की डायरी' शीर्षक कहानी में छोटे भाई की तबीयत ठीक होने के बाद उसे क्या मिल गई है ?

(A) सरकारी नौकरी
(B) मोटर कार
(C) राशन की दुकान
(D) सरकारी घर

83. 'नया कानून' शीर्षक कहानी के लेखक हैं

(A) प्रेमचंद (B) सआदत हसन मंटो

(C) कृष्णा सोबती (D) कृष्ण कुमार

84. प्रसिद्ध रचनाकार न्गूयेन क्वांग थान का संबंध किस देश से है ?

(A) जापान (B) चीन

(C) म्यांम्बार (D) वियतनाम

85. न्गूयेन क्वांग थान की प्रसिद्ध कहानी का हिन्दी रूपांतर किस सुपरिचित कथाकार ने किया है ?

(A) अमृतलाल नागर ने (B) जितेंद्र भाटिया ने

(C) यतीन्द्र मिश्र ने (D) राजेन्द्र यादव ने

86. 'एक दीक्षांत भाषण' शीर्षक पाठ में यह किसका कथन है कि 'विश्वविद्यालय के जीवन में आप यदि तय कर लें कि आपका सत्य डिग्री लेना है तो इसके लिए पेपर आउट व नकल से लेकर अध्यापक से मारपीट तक करें ।' ?

(A) हरिशंकर परसाई का (B) पुलिस के सिपाही का

(C) दीक्षांत समारोह में आए मंत्री का (D) विश्वविद्यालय के छात्रों का

87. किस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता रहा है ?

(A) 'कोसी' को (B) 'गंगा' को

(C) 'गंडक को' (D) 'बागमती' को

88. निम्नलिखित में कौन फणीश्वरनाथ रेणु रचित एक उपन्यास है ?

(A) निर्मला (B) जिंदगीनामा

(C) कोरजा (D) मैला आँचल



CLASS-XI

89. 'सिक्का बदल गया' शीर्षक कहानी में शेरा की पत्नी का क्या नाम है ?

(A) शाहनी (B) हसैना

(C) सोफिया (D) सलमा

90. लेखक भोला पासवान शास्त्री के अनुसार वियतनाम में दो शब्द बड़े प्रचलित हैं - एक 'हो–ची–मीन्ह' और दूसरा 'हुअ सेन' जिसका अर्थ है

(A) जादूगर (B) दयालु

(C) गुलाब का फूल (D) कमल का फूल

91. 'चलचित्र' शीर्षक पाठ के अनुसार आदमी के मुँह से उसके सिर या उससे कम हिस्से को यदि तस्वीर में दिखाना पड़ता है, तो उसे क्या कहते हैं ?

(A) बिग क्लोज अप (B) क्लोज अप

(C) टिल्टिंग (D) मीडियम शॉट

92. चलचित्र निर्माण कार्य को मोटे तौर पर कितने पर्यायों में विभक्त किया जाता है ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) छह

93. लेखक कुमार गंधर्व के अनुसार गाने का ऐसा अंदाज जो एक आम आदमी को भी भाव विभोर कर दे; क्या कहलाता है ?

(A) गानपन (B) स्वर मालिकाएँ

(C) द्रुतलय (D) पर्जन्य

94. 'आँखों देखा गदर' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) विष्णुभट गोडसे वरसईकर (B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) हरिशंकर परसाई (D) रामचंद्र शुक्ल

95. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार पात्र के मुख से भाव की व्यंजना कराने में कवि में क्या अपेक्षित होती है ?

(A) उत्साह (B) भय

(C) बड़ी निपुणता (D) शोक

96. हल्कू के खेत से कोई एक गोली के टप्पे की दूरी पर किसका बाग था ?

(A) अमरूद का (B) लीची का

(C) जामुन का (D) आम का

97. भारतीय सिनेमा के शिखर पुरुष सत्यजित राय विश्व सिनेमा के किस सर्वश्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित हैं ?

(A) बाफ्टा पुरस्कार (B) आस्कर पुरस्कार

(C) पाल्मे डी' ओर पुरस्कार (D) ग्रैमीज़ पुरस्कार

98. भोला पासवान शास्त्री कितनी बार बिहार के मुख्यमंत्री बने ?

(A) एक बार (B) दो बार

(C) तीन बार (D) एक बार भी नहीं

99. आधुनिक भारत के प्रथम राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक काल के किस युग के प्रमुख कवि हैं ?

(A) भारतेंदु युग (B) द्विवेदी युग

(C) छायावाद (D) प्रयोगवाद

100. 'निराला रचनावली' राजकमल प्रकाशन दिल्ली से कितने खंडों में प्रकाशित है ?

(A) दो (B) चार

(C) छह (D) आठ



CLASS-XI

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

   (i) इंटरनेट

   (ii) गर्मी की छुट्टी

   (iii) शिक्षा में प्रौद्योगिकी का योगदान

   (iv) मेरी माँ

   (v) मेरे सपनों का भारत

   (vi) भारत के त्यौहार

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

   (i) "शायर को उस वक्त मर जाना चाहिए जब लोग उसे पसंद करते हों, दीवाने हों ।"

   (ii) "जिन्हें विश्वास न हो, वे स्वयं आकर देख जाएँ - प्राणों में घुले हुए रंग धरती पर किस तरह फैल रहे हैं, फैलते जा रहे हैं ।"

   (iii) "बहुत दिनों के बाद
   अब की मैंने जी-भर भोगे
   गंध-रूप-रस-शब्द-स्पर्श सब साथ-साथ इस भू पर
   - बहुत दिनों के बाद

   (iv) इस शरीर की सकल शिराएँ
   हो तेरी तंत्री के तार
   आघातों की क्या चिंता है
   उठने दे ऊँची झंकार



CLASS-XI

3. विद्यालय-शुल्क माफ करने के लिए प्रधानाध्यापक के पास एक प्रार्थना पत्र लिखें । 5

**अथवा**

पिताजी से नई पुस्तकें खरीदने के लिए रुपये की मांग करते हुए एक पत्र लिखें ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : 5 × 2 = 10

(i) कवि मैथिलीशरण गुप्त को आघातों की चिंता क्यों नहीं है ?

(ii) हल्कू ने जबरा को आगे की ठंढ काटने के लिए क्या आश्वासन दिया ?

(iii) कविता के क्या उद्देश्य हैं ?

(iv) राधा को चंदन भी विषम क्यों महसूस होता है ?

(v) कबीर ने 'भर्म' किसे कहा है ?

(vi) कमारा ल्ये का देश किस देश का उपनिवेश था ?

(vii) वेदों में सूर्य के संबंध में क्या कहा गया है ? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

(viii) विश्वविद्यालय में हूटिंग होने पर भी नेता जी खुश क्यों हैं ?

(ix) पृथ्वी के काँपने का क्या अभिप्राय है ?

(x) 'जगरनाथ' शीर्षक कविता के कवि का पेशा क्या है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) 'तुम किसकी माँ हो मेरी मातृभूमि' - इस प्रश्न का मूल भाव आपके विचार में क्या है ?

(ii) कवि भारतेंदु के अनुसार भारत कई क्षेत्रों में आगे था पर आज पिछड़ चुका है । पिछड़ने के किन कारणों का पठित कविता में संकेत किया गया है ?

(iii) सहजोबाई ने हरि से भी उच्च स्थान गुरु को दिया है । इसके लिए वे क्या-क्या तर्क देती हैं ?



CLASS-XI

(iv) 'भोगे हुए दिन' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखें ।

(v) रोम सम्राट ऑरीलिया ने सूर्य मंदिर को क्यों नष्ट नहीं किया ?

(vi) लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने कोसी अंचल का परिचय किस तरह दिया है ?

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) किसी राष्ट्र या जाति में संजीवनी शक्ति भरनेवाला साहित्य ही है । इसलिए यह सर्वतोभावेन संरक्षणीय है । सब कुछ खोकर यदि हम उसे बचाए रहेंगे, तो फिर इसी के द्वारा हम सब कुछ पा सकते हैं । इसे खोकर यदि बहुत कुछ पा भी लेंगे, तो फिर इसे कभी पा न सकेंगे । यही हमारे पूर्वजों का चिरसंचित ज्ञान वैभव साहित्य कहलाता है । अन्यान्य लौकिक वैभव नश्वर हैं । परन्तु यह अविनाशी है । इसलिए जो इसका पल्ला पकड़े रहेगा, वह अमर होगा ।

(ii) अँगरेजी पढ़ना खराब नहीं, पर अँगरेजी पढ़कर अंगरेज हो जाना खराब है । अँगरेजी पढ़कर अपने देश को, अपनी भाषा को, अपनी संस्कृति को भूल जाना खराब है । यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि आज के अधिकतर अँगरेजी पढ़े-लिखे सज्जन अपने देश की प्रत्येक चीज को असम्मान की दृष्टि से देखते हैं, उसकी आलोचना करते हैं और उसे अपनाने में अपनी मानहानि समझते हैं ।



CLASS-XI